nandgaon times march-02-3.qxd 3/1/2025 10:45 PM Page 1

शासकीय प्राथमिक शाला में शराबी... पृष्ठ 2
धर्मायतन से राष्ट्र तथा धर्म की... पृष्ठ 3

# नांदगांव टाइम्स


नोट :- मकान, फ्लैट, दुकान, गोदाम किराये पर लेने एवं देने की विशेष व्यवस्था साथ ही जमीन प्लाट हेतु डायवर्सन के दस्तावेज व ऋण पुस्तिका बनवाने के कार्य की सुविधा।

।। जय श्री जलाराम ।।
श्री जलाराम प्रॉपर्टी डीलर
उचित दर पर मकान, फ्लैट, डुप्लेक्स, दुकान, ऑफिस, गोदाम, जमीन, प्लाट की खरीदी-बिक्री हेतु संपर्क करें।
ऑफिस- बागड़ी ब्रदर्स के बाजू में, रामाधीन मार्ग, राजनांदगांव।
मो: 98274-61508, 83192-88559

रविवार, 02 मार्च 2025, राजनांदगांव | आरएनआई 30910/76 | वर्ष 49, अंक 137, पृष्ठ 04, मूल्य 3 रुपए

## छत्तीसगढ़ी गुरतुर भाषाः अंतस को सींचती है, आत्मा को एक दूसरे से जोड़ती हैः मुख्यमंत्री

### मुख्यमंत्री ने छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग के दो दिवसीय आठवें प्रांतीय सम्मेलन का किया शुभारंभ, छत्तीसगढ़ी रचनाकारों की किताबें स्कूलों की लाइब्रेरी में भेजी जाएंगी



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ी गुरतुर भाषा है। छत्तीसगढ़ी भाषा केवल संवाद का माध्यम नहीं है, यह हमारे अंतस को सींचने और हमारी आत्मा को एक दूसरे से जोड़ने वाली भाषा है। हमें अपनी छत्तीसगढ़ी भाषा पर गर्व है। मुख्यमंत्री श्री साय ने छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग के दो दिवसीय आठवें प्रान्तीय सम्मेलन 2025 के शुभारंभ अवसर पर यह बात कही।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि राज्य सरकार छत्तीसगढ़ी भाषा का मान-सम्मान बढ़ाने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय श्री अटल बिहारी वाजपेयी ने सन 2000 में छत्तीसगढ़ राज्य का निर्माण कर हमारे पुरखों के सपनों को साकार किया। अलग राज्य बनने के बाद अपनी महतारी की भाषा छत्तीसगढ़ी को सम्मान दिलाने की जिम्मेदारी हम सब की है। यह खुशी की बात है कि छत्तीसगढ़ी में बढ़िया किताबें लिखी जा रही है। इनमें से आज भागमानी, छत्तीसगढ़ के छत्तीस भाजी, छतनार, चल उड़ रे पुचुक चिरई, एक कहानी हाना के, गंगा बारू अउ माटी के दीया सहित छत्तीसगढ़ी भाषा की 11 पुस्तकों का विमोचन किया गया।



आयोग के आठवें प्रांतीय सम्मेलन के अध्यक्ष और वरिष्ठ साहित्यकार श्री रामेश्वर वैष्णव, वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. रमेन्द्र नाथ मिश्र, डॉ. विनय कुमार पाठक, संचालक संस्कृति एवं राजभाषा श्री विवेक आचार्य, छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग के सचिव डॉ. अभिलाषा बेहार सहित अनेक गणमान्य साहित्यकार उपस्थित थे। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि हमारा यह प्रयास है कि हमारी भाषा, बोली का मान बढ़े, लोगों का अपनी भाषा से जुड़ाव रहे। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ी भाषा का समृद्ध इतिहास है, हमारी यह भाषा शिलालेख में भी दर्ज है। अनेक कवि और लेखक अपनी लेखनी से छत्तीसगढ़ी को समृद्ध कर रहे हैं। छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग द्वारा अपने गठन के बाद अब तक डेढ़ हजार पुस्तकों का प्रकाशन किया जा चुका है। उन्होंने कहा प्रदेश में नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू की गई है, इस नीति में बच्चों को अपनी मातृभाषा में शिक्षा दी जाती है। छत्तीसगढ़ में भी बच्चों को मातृभाषा में शिक्षा दी जा रही है। बच्चे अपनी मातृभाषा में कठिन से कठिन विषय भी आसानी से समझ लेते हैं। उन्होंने कहा कि यह सम्मेलन छत्तीसगढ़ी भाषा को लोकप्रिय बनाने में सफल होगा। मुख्यमंत्री श्री साय ने साहित्यकारों के आग्रह पर छत्तीसगढ़ी रचनाकारों की किताबें स्कूलों की लाइब्रेरी में भेजने की घोषणा की, ताकि स्कूली बच्चे इनका अध्ययन कर सकें। मुख्यमंत्री श्री साय ने सम्मेलन में वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. देवधर दास महंत, जिला जांजगीर, श्री काशीपुरी कुन्दन, जिला गरियाबंद, श्री सीताराम साहू ज्श्यामज्ज, जिला बालोद, श्री राघवेन्द्र दुबे, जिला बिलासपुर, श्री कुबेर सिंह साहू, जिला राजनांदगांव और डॉ. दादूलाल जोशी, जिला राजनांदगांव को शाल, श्रीफल और स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। मुख्यमंत्री ने सम्मेलन में 11 साहित्यकारों की पुस्तक का विमोचन किया। इनमें श्री देवचरन धुरी की पुस्तक च्देवचरन के कहमुकरीज्ज, डॉ. दीनदयाल साहू की पुस्तक च्भागमानीज्ज् (छत्तीसगढ़ी उपन्यास), श्री मुकेश कुमार के उपन्यास च्मंजरी पातीज्ज् (छत्तीसगढ़ी उपन्यास), श्री कन्हैया साहू ज् अमित की पुस्तक च्छत्तीसगढ़ के छत्तीस भाजीज्ज, श्री राजकुमार चौधरी के काव्य संग्रह च्छतनार (काव्य संग्रह)ज्ज, श्री टीकेश्वर सिन्हा की ज्गब्दीवालाज् की पुस्तक च्चल उड़ रे पुचुक चिरईज्ज, श्री हरिशंकर प्रसाद देवांगन की पुस्तक च्एक कहानी हाना केज्ज, श्री मिनेश कुमार साहू की पुस्तक च्गंगा बारूज्ज् डॉ. लूनेश कुमार वर्मा के काव्य संग्रह च्माटी के दियाज्ज, श्री रामनाथ साहू - गीतांजली (गुरूदेव रविन्द्रनाथ टेगोर के




गीताजंली काव्य के छत्तीसगढ़ी अनुवाद) और श्री दुर्गा प्रसाद पारकर की पुस्तक प्रतिज्ञा (मुंशी प्रेमचंद कृत प्रतिज्ञा के छत्तीसगढ़ी अनुवाद) शामिल हैं। छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग के आठवें प्रांतीय सम्मेलन के अध्यक्ष श्री रामेश्वर वैष्णव ने अपने संबोधन में कहा कि छत्तीसगढ़ी समृद्ध भाषा है। अलग-अलग क्षेत्रों में बोली जाने वाली छत्तीसगढ़ी का मानकीकरण करने और एकरूपता लाने का प्रयास किया जाना चाहिए। संचालक संस्कृति एवं राजभाषा श्री विवेक आचार्य ने राजभाषा आयोग के कार्यों पर प्रकाश डाला। आयोग की सचिव डॉ. अभिलाषा बेहार ने स्वागत भाषण दिया। इस अवसर पर प्रदेश भर से आए गणमान्य साहित्यकार बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## डॉ. पंडित पीके तिवारी वाचस्पति की मानद उपाधि (डॉक्टरेट अवार्ड) से अलंकृत

अरविन्द तिवारी

**रायपुर ( नांदगांव टाइम्स )।** इतिहास एवं पुरातत्व शोध संस्थान तथा वीर अकादमी बालाघाट के संयुक्त तत्वावधान में 23 वॉ राष्ट्रीय साहित्य



एवं पुरातत्व का अनुष्ठान आयोजित हुआ। इस आयोजन में छत्तीसगढ़ रायपुर से डॉ0 पंडित पीके तिवारी को वाचस्पति की मानद उपाधि (डॉक्टरेट अवार्ड) से अलंकृत किया गया। इस राष्ट्रीय स्तर की संगोष्ठी में पंद्रह राज्यों से प्रतिष्ठित पुरातत्व विद् , इतिहास विद् , साहित्य विद् , समाज शास्त्री व अधिकारियों का आगमन भव्यता के साथ हुआ। कलेक्टर श्री मीना को बतौर मुख्य अतिथि राष्ट्रीय लक्ष्याधिपति वाचस्पति की मानद उपाधि (डॉक्टरेट अवार्ड) से अलंकृत किया गया। अध्यक्षता डॉ. रामविजय शर्मा पुरातत्व विद् (बिहार) ने की जिन्हें राष्ट्रीय पुरातत्व शिरोमणी मानद उपाधि , विशिष्ट अतिथियों में डॉ.दिव्या राहूल देढिया मुंबई (महाराष्ट्र) को कच्छ कढ़ाई कला के क्षेत्र में वाचस्पति की मानद उपाधि , डॉ..चन्द्रिका भूपेन्द्र व्यास मुंबई (महाराष्ट्र) और डॉ. कीर्ति वल्लभ शक्टा चम्पावत (उत्तराखंड) को साहित्य के क्षेत्र में वाचस्पति की उपाधि , ऋषिकेश संजय वालझाडे अहिल्यानगर (महाराष्ट्र) को खेल के क्षेत्र में वाचस्पति की मानद उपाधि , समीर सिंह गहरवार को राष्ट्रीय पुरातत्व शिरोमणी की मानद उपाधि (डी.लिट् अवार्ड) , डॉ. संतोष कुमार सक्सेना को राष्ट्रीय भूवैज्ञानिक विद्श्री से अलंकृत किया गया। डॉ.वीरेन्द्र सिंह गहरवार संग्रहाध्यक्ष इतिहास एवं पुरातत्व शोध संस्थान संग्रहालय बालाघाट , डॉ.कविता गहरवार प्रधान सम्पादक गंगोत्री वार्षिक गद्य और पद्य राष्ट्रीय/अंतर्राष्ट्रीय पत्रिका (गहरवार दम्पति) को प्रेस क्लब चांपा (छत्तीसगढ़) के अध्यक्ष डॉ.कुलवंत सिंह सलूजा की ओर से राष्ट्रीय स्वाभिमान रत्न विद्श्री , कलेक्टर मृणाल मीणा के हस्ते अलंकृत किया गया।

## विधायक भोलाराम साहू का कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने किया फूल मालाओं से भव्य स्वागत



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** खुज्जी विधायक भोलाराम साहू के जन्म दिवस आज कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उन्हें फूलमाला पहनाकर, केक काटकर, मुंह मीठा कर उन्हें जन्मदिवस एवं उत्तम स्वास्थ्य दीर्घायु की बधाई देते हुए बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने अपने-अपने अंदाज में उन्हें कोई गुलदस्ता कोई प्रतीक चिन्ह गिफ्ट भेंट कर उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी इसके अलावा खुज्जी क्षेत्र वासियो उनके निवास पर पहुंचकर सुबह से ही उन्हें बधाई देने पहुंचने लगे जो निरंतर जारी रहा,जिले एवं प्रदेश से भी उन्हें जन्मदिवस पर लोगों ने सोशल मीडिया पर भी उन्हें जन्म दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं ढेर सारी दी। अंबागढ़ चौकी के कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उन्हें गुलदस्ता भेंट कर स्वागत सम्मान किया और उनके स्वास्थ्य एवं दीर्घायु की मंगल कामना करते हुए उन्हें बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित किया। श्री भोलाराम साहू जी

### खुज्जी विधायक भोलाराम साहू ने अपने समर्थकों के साथ मनाया जन्म दिवस

विधायक के पद पर वर्तमान में तीसरी बार आसंदी है। उनके उनके सरल सहज स्वभाव के कारण क्षेत्र की जनता उनसे लगातार उनसे जुड़ रही है इसी जुड़ाव और प्रेम की वजह से वह तीसरी बार विधायक के पद पर है। विधायक भोलाराम साहू ने कहा कि जन्म दिवस के अवसर पर मिले आपके बधाईयॉ, शुभकामनाओं से मैं अभिभूत हूॅं। आपका अपनत्व, दुलार, स्नेह व आर्शावाद ही मेरा असली पूंजी है। यही पूंजी ही मुझे अन्याय के खिलाफसंघर्ष करने तथा अपने क्षेत्र के विकास के लिए कुछ कर गुजरने की प्रेरणा एवं ऊर्जा देता है। मेरे जन्म दिन पर आपके द्वारा विभिन्न माध्यमों से



सम्प्रेषित बधाईयॉ एवं अपनत्व भाव के लिए मैं आप सभी का आजीवन ऋणी रहॅूगा। और आपके शुभकामना संदेशों के लिए कोटि-कोटि आभार एवं धन्यवाद ज्ञापित करता हूॅं। आइए, हम सब मिलजुलकर खुज्जी विधानसभा क्षेत्र के विकास एवं जनकल्याण की सेवा में हाथ बढाए।

## संस्कारधानी राजनांदगांव में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** संस्कारधानी राजनांदगांव के जुनी हटरी में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया गया है, जिसमें पंडित अभिषेक कृष्ण शास्त्री ने श्रीमद् भागवत के प्रथम दिवस पर अपने व्याख्यान में कहा, तन मन धन से भगवान की पूजा करनी चाहिए, जिससे तन पवित्र, मन पवित्र और धन पवित्र होता है।उन्होंने आगे कहा, इस संसार में व्यक्ति तन से, मन से और धन से ही दुखी रहता है। पैसे के बिना निर्धन दुखी होता है, और तृष्णा से धनवान भी सुखी नहीं होता। पंडित



अभिषेक कृष्ण शास्त्री ने नारद जी महाराज के उदाहरण से यह भी कहा, नारद जी महाराज ने पृथ्वी पर घूमकर देखा कि कोई भी सुखी नहीं है, केवल भगवान का दास ही सुखी है। उन्होंने आगे कहा, भगवान की दो पत्नियां हैं - माया और भक्ति। माया से पूजा करने पर भगवान की माया प्राप्त होती है, और भक्ति से भगवान का ध्यान करने पर भगवान का अपार स्नेह प्राप्त होता है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे और उन्होंने पंडित अभिषेक कृष्ण शास्त्री के व्याख्यान को ध्यान से सुना। दिनांक 1 तारीख से 7 तारीख तक श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया गया है।

## मोहड़ में आज पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** डोंगरगांव विकासखंड के ग्राम मोहड़ में एक दिवसीय पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ हेतु भूमि पूजन किया गया। कार्यक्रम को लेकर ग्राम के एवं गायत्री परिजन उत्साहित हैं।अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज के मार्गदर्शन में एक दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया है ।



कार्यक्रम 2 मार्च को प्रात: 8. 00 बजे से संगीतमय देव आह्वान,देव पूजन तत्पश्चात पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ एवं संस्कार संपन्न होंगे एवं सायं काल 4.00बजे से दीप महायज्ञ संपन्न होगा। कार्यक्रम का संपूर्ण संचालन अखिल विश्व गायत्री परिवार के जिला प्रमुख जयप्रकाश सिन्हा एवं ब्रह्मनन्द करेंगे। गायत्री परिवार के वरिष्ठ कार्यकर्ता गिरधर साहू के नेतृत्व एवं समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से किया जाएगा।

## दिग्विजय महाविद्यालय देश ही नहीं अपितु विदेश में भी अपनी पहचान बन चुका है : डॉ.रमन सिंह



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव में वार्षिकोत्सव एवं पदक वितरण समारोह का आयोजन किया गया । इस समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि विधानसभा अध्यक्ष डॉ.रमन सिंह ने दीप प्रज्जवलन कर किया । महाविद्यालय में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र गगननाथ जोगी एवं छात्रा कुमकुम झा सहित स्नातक एवं स्नाकोत्तर की कक्षाओं में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले 84 विद्यार्थियों को मुख्य अतिथि ने स्वर्ण पदक एवं प्रमाण पत्र प्रदान किया ।इसके अलावा एनएसएस, एनसीसी, रेट क्रॉस, योगा और खेल में विशेष उपलब्धि अर्जित करने वाले छात्र-छात्राओं को गोल्ड मेडल से नवाजा गया । यह स्वर्ण पदक नगर के सम्मानित दानदाताओं के सौजन्य से दिया जाता है ।समारोह के मुख्य अतिथि डॉ.रमन सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति की आवश्यकता पूरे देश को है इस महाविद्यालय ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति को 2022 से ही लागू कर दिया था यह गौरव की बात है इस महाविद्यालय की प्रसिद्ध पूरे देश में विख्यात है यह महाविद्यालय सबको प्रेरणा देता है । उन्होंने महाविद्यालय के प्रथम अवैतनिक

### दिग्विजय महाविद्यालय में वार्षिकोत्सव एवं पदक वितरण समारोह का आयोजन

प्राचार्य किशोरी लाल शुक्ला, बक्शी जी, मुक्तिबोध जी और बल्देव प्रसाद मिश्रा जी के कर्मभूमि के रूप में पुण्य स्मरण किया, साथ ही यह भी बताया की महंत राजा दिग्विजय दास की उच्च शिक्षा की संकल्पना ने ही महाविद्यालय को साकार रूप दिया । उन्होंने महाविद्यालय की मांग के अनुसार बालक एवं बालिका छात्रावास के लिए पदों की घोषणा की । महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सुचित्रा गुप्ता ने महाविद्यालय का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए कहा की महाविद्यालय की वैश्विक छवि उभर रही है अब तक इस महाविद्यालय में चार अंतरराष्ट्रीय सेमिनार आयोजित हो चुके है जिसमें देश-विदेश के कई विद्वान ने अपने विचारों से विद्यार्थियों को प्रेरित किया है । महाविद्यालय के नाम 10 पेटेंट है ।45 लाख की अनुसंधान परियोजना चल रही है । महाविद्यालय के एनसीसी, एनएसएस, योग एवं स्पोर्ट्स विभाग के उपलब्धियां के साथ ही महाविद्यालय की आवश्यकताओं को उन्होंने मुख्य अतिथि के समक्ष रखा । समारोह के अध्यक्ष, सांसद, संतोष पांडेय ने कहा कि प्रावीण्य सूची में आकर बेटियां पूरे देश को गौरवान्वित कर रही हैं हमारा देश आत्मनिर्भर बन रहा है और हम लोकल फार वोकल की



दिशा में बड़ी मजबूती से बढ़ रहे हैं । नगर के महापौर मधुसूदन यादव ने महाविद्यालय की उपलब्धियों को गौरवशाली बताते हुए कहा कि महाविद्यालय के विकास के लिए मैं सदैव तत्पर रहूंगा । महाविद्यालय जन भागीदारी समिति के अध्यक्ष अतुल रायजादा ने महाविद्यालय की समस्याओं से मुख्य अतिथि डॉ. रमन सिंह को अवगत कराया और कहा की महाविद्यालय के विकास में सदैव मेरा सहयोग रहेगा । समारोह का संचालन कार्यक्रम प्रभारी डॉ. शैलेंद्र सिंह एवं डॉ. सोनल मिश्रा ने किया । छात्र-छात्राओं द्वारा छत्तीसगढ़ी नृत्य एवं गीत के साथ-साथ विभिन्न राज्यों के नृत्य एवं गीतों की प्रस्तुति तथा देशभक्ति और सामाजिक मुद्दों पर आधारित नाटकों की प्रस्तुति दी गई । इस कार्यक्रम का संचालन डॉ. अनीता शंकर ने किया । इस कार्यक्रम में जिलाधीश संजय अग्रवाल, एसपी मोहित गर्ग, जिला पंचायत सीईओ सुरुचि सिंह, अशोक शर्मा, खूबचंद पारख, सुरेश एच. लाल, सुरेश डुलानी, संतोष अग्रवाल, रमेश पटेल, सचिन बघेल, कोमल सिंह राजपूत, राजेंद्र गोलछा सहित नगर के गणमान्य नागरिक एवं हजारों की संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे ।

# शासकीय प्राथमिक शाला में शराबी शिक्षक रंगे हाथ पकड़ा गया

## शराबी शिक्षक से छात्र- छात्राएं व ग्रामीणजन हलाकान परेशान, मामला- वनांचल ग्राम दमउदाहरा के प्राथमिक शाला का

**डोंगरगढ़ ( नांदगांव टाइम्स )।** ग्रामीण इलाकों के स्कूलों में शराबी शिक्षकों से छात्र- छात्राएं व परिजन ग्रामीणजन हलाकान और परेशान हो रहे है. इसी कड़ी में विकासखंड शिक्षा विभाग डोंगरगढ़ के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत कोटनापानी के आश्रित ग्राम दमउदाहरा के शासकीय प्राथमिक शाला में शिक्षक पर शराब पीकर शाला आने का आरोप व मामला सामने आया है. ग्रामीणों ने बताया कि प्राथमिक शाला के शिक्षक गणेश राम साहू निवासी बिसाहूटोला आए दिन शराब के नशे में चूर होकर शाला आता है जिससे ग्रामीण छात्र - छात्राओं के अध्यापन कार्य में परेशानी के साथ साथ बच्चों के भविष्य से खिलवाड़ किया जा रहा है जिसे देखने और सुनने वाले दूर दूर तक दिखाई नहीं पड़ रहे है? जिससे विकासखंड ब्लॉक शिक्षा अधिकारी के ऊपर कई प्रकार के सवाल खड़े होने लगे है.

**आधी बोतल अंग्रेजी शराब के साथ ग्रामीणों ने रंगे हाथ पकड़ा.**

ग्राम दमउदाहरा के ग्रामीणों ने शिक्षक गणेश राम साहू की मोटर साइकल से आधी बोतल ऊँचे किस्म की अंग्रेजी शराब के साथ रंगे हाथ पकड़ने का दावा किया जा रहा है. बताया जाता है 28 फरवरी को भी शिक्षक नशे में धुत्त होकर आया था जिस पर ग्रामीण आक्रोशित हो उठे और शिक्षक के मोटर साइकल की डिक्की से आधी बोतल अंग्रेजी शराब रंगे हाथ पकड़ कर मीडिया व जिला शिक्षा अधिकारी प्रवास सिंह बघेल को कृत्य की जानकारी देकर शिक्षक के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करने की माँग की गई. बताया जाता है कि शिक्षक गणेश राम साहू छुरिया में पदस्थ थे जिसके बाद झिंझारी के कृष्णानगर प्राथमिक शाला में और अब दमउदाहरा. सभी स्थानों



पर इनकी शिकायत रही है.

**वनांचल गांव से शराबी शिक्षकों की शिकायते.**

वहीं दूसरी ओर वनांचल ग्रामों की शालाओ में शराबी शिक्षकों की कई शिकायत है पर कार्यवाही के नाम पर समझाइश देकर मामले को शांत करा दिया जाता है. सूत्रों से मिली जानकारी में वनांचल ग्राम तोतलभर्री, कोठीटोला, बुढानछापर, दमउदाहरा सहित कई ग्रामीण शालाओ में शिक्षक हमेशा नशे में धुत्त रहते है जिसकी लिखित शिकायत ग्रामीणजनो ने विकासखंड के ब्लॉक शिक्षा अधिकारी से कई बार की गई है परंतु शराबी शिक्षकों के ऊपर कोई कार्यवाही नहीं होने से लेंनदेंन कर दोषी शिक्षकों को बचाने का आरोप लगाने की चर्चाओं का बाजार गर्म है जिससे कई प्रकार के सवाल खड़े होने लगे है.

**जिला शिक्षा अधिकारी ने किया निलम्बित.**

ग्रामीण इलाके में शाला में गुरुजी को नशे व बोतल के साथ रंगे हाथ पकड़ने की सूचना मिलते ही जिला शिक्षा अधिकारी प्रवास सिंह बघेल तत्काल दमउदाहरा पहुंचे और मीडिया से चर्चा कर बताया गया कि शिकायत के बाद शाला आने पर शिक्षक को नशे में धुत्त नजर आया जिस पर शाला में ऐसे कृत्य के लिए तत्काल प्रभाव से निलंबन व बरखास्ती कार्यवाही की गई है वहीं शाला के प्रधान पाठक ऋतुराज धुर्वे को शाला में बिना बताए चार दिन अनुपस्थित होने की स्थिति में कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है. वंही जिला शिक्षा अधिकारी ने आम लोगों से अपील की गई है कि ग्रामवासी ऐसे शराबी शिक्षकों चिन्हांकिंत कर शिकायत हमारे संमक्ष लाएं इन पर कठोर कार्यवाही की जावेगी.

# भूतपूर्व शिक्षको और भूतपूर्व छात्र-छात्राओं ने स्कूल में न्यौता भोज कराया

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** शासकीय प्राथमिक शाला और कन्या आश्रम मार्री के संयुक्त तत्वधान मे मातृ-पितृ दिवस और वार्षिकोत्सव मे भूतपूर्व शिक्षको और भूतपूर्व छात्र -छात्राओं के आगमन से पुर्ण गुरूमय का वातावरण निर्मित हो गया। मातृ - पितृ दिवस पर सभी पालकगण कि उपस्थिति मे छात्र-छात्राओं दवारा अपने माता पिता की पुजा अर्चना कर, आरती के, साथ तिलक लगाकर, मिठाई खिलाई गयी,माता पिता से आशीर्वाद लिया गया, मुख्य अतिथि प्रेमलता मार्शल संरपच ग्राम पंचायत मार्री उदभोदन मे शिक्षक और छात्र के बीच में जो स्नेह रहता है ,वो छात्र के जीवन मे नयी किरण का कार्य करता है, उसमे उर्जा का संचार करता है, नेवता भोज मे सभी अतिथिगण, पालकगण,दवारा किया गया । विशिष्ट अतिथि के रूप मे बिहारीलाल पाटील के दवारा शिक्षक, ईश्वर के समान हैऔर हमे शिक्षक का सम्मान करना चाहिए, रंगारंग सांस्कृति कार्यक्रम मे बच्चों की शानदार प्रस्तुती रही, भुवनेश्वरी गंधर्व ने अपने गुरू को स्मरण करते हुऐ उनके दवारा किऐ गए विशेष कार्यो का उल्लेख किया। मोहला सेक्टर के अन्तर्गत बैक के अधिकारीयो कि उपस्थिति मे बैक से होने वाले लाभ और आनलाईन साइबर ठगी से होने वाले दुष्परिणाम को



विस्तार पूर्वक समझाया गया, भोजटोला बैक के प्रबंधक बागड़े जी ने बैक से लेनदेन के उपाय पर प्रकाश डाला, शाला प्रबंधन समिति मार्री की उपाधिक्षिका नारायणी साहु ने उदभोदन मे कहा किमाता पिता की पुजा अर्चना हर शाला मे होनी चाहिए, इससे बच्चो मे संस्कार आते है, आज इस परम्परा को बनाये रखने के लिऐ ऐसे कार्यक्रम करवाना बहुत बड़ी बात है, मनेश्वर रावटे वार्ड पंच ने कहा कीयह कार्यक्रम बहुत ही अच्छा है, प्रधान पाठक किशन श्यामकुंवर ने कहा यह बच्चों के सर्वागीण विकास का ध्यान रखते है, हमे भी प्राथमिक शाला मे योगदान देकर अपनी कर्तव्य करना चाहिए सभी अतिथियो को किशन श्यामकुंवर प्रधान पाठक मार्री दवारा स्मृति चिन्ह और श्री फल दिया गया, धन्यवाद ज्ञापित किया विभिन्न प्रतियोगिताओं और कार्यक्रम मे भाग लेने वाले छात्र -छात्राओ को मेडल प्रदान किया गया। इस अवसर पर रैखचंद कोलियारे अध्यक्ष प्राथमिक शाला प्रबंधन समिति प्राथमिक शाला मार्री मनीराम पटेल प्रधान पाठक कन्या आश्रम मार्री, मुकेश कोमरे सहायक शिक्षक प्राथमिक शाला मार्री, कृपाराम पटेल,गजेन्द्र साहु, पवन कोलियारे, पुरुषोत्तम, रामफल पाटील,नवलदास साहु चुरेन्द्र, योगिनी साहु, खिलेश्वरी साहु, जुना भुआर्य,सुना बाई, विमला बाई त्रिभुवन साहु, जन्त्री बाई,सुनिता,जिवराखन,चंदन साहु, कौशिल्या कोलियारे सभी पालकगण, ग्रामीण जन,शिक्षाविदो ने अपनी उपस्थिति प्रदान कर सहभागिता दी।

# जिला पंचायत क्षेत्र क्र. 11 से ऐतिहासिक जीत पर बिरम राम कुमार मंडावी ने वरिष्ठ नेताओं, कार्यकर्ताओं और जनता का माना आभार

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 11 से 8,000 से अधिक मतों से ऐतिहासिक विजय प्राप्त करने वाले बिरम राम कुमार मंडावी ने अपनी इस प्रचंड जीत के लिए



भाजपा के वरिष्ठ नेताओं, समर्पित कार्यकर्ताओं, मतदाताओं और मीडिया कर्मियों का आभार व्यक्त किया। बिरम राम कुमार मंडावी ने कहा कि यह जीत केवल उनकी नहीं, बल्कि क्षेत्र की जनता के विश्वास, भाजपा के कुशल नेतृत्व और कार्यकर्ताओं की अथक मेहनत की जीत है। उन्होंने इस अपार समर्थन के लिए जनता को धन्यवाद देते हुए इसे लोकतंत्र और विकास की जीत बताया। बिरम राम कुमार मंडावी ने भाजपा के शीर्ष नेतृत्व, राज्य, जिला एवं विधानसभा स्तर के वरिष्ठ नेताओं का आभार प्रकट किया, जिनके मार्गदर्शन और संगठनात्मक क्षमता ने इस जीत को सुनिश्चित किया। उन्होंने आगे कहा कि यह जीत पार्टी नेतृत्व की दूरदृष्टि और कार्यकर्ताओं की अथक मेहनत का परिणाम है। हर कार्यकर्ता ने इसे अपनी व्यक्तिगत जिम्मेदारी समझकर परिश्रम किया, और उनकी निष्ठा ने हमें यह ऐतिहासिक सफलता दिलाई है। उन्होंने क्षेत्र की जागरूक जनता और मतदाताओं को भी धन्यवाद दिया, जिन्होंने लोकतंत्र के इस महापर्व में बढ़-चढ़कर भाग लिया और उन्हें भारी समर्थन दिया। साथ ही उन्होंने मीडिया कर्मियों का भी आभार व्यक्त किया, जिन्होंने निष्पक्ष और सटीक सूचना प्रसार कर लोकतांत्रिक प्रक्रिया को और अधिक सशक्त बनाया।

**जनसेवा और विकास के प्रति संकल्पबद्ध**

बिरम रामकुमार मंडावी ने इस विजय को जनता की सेवा और क्षेत्र के विकास के लिए समर्पित करते हुए कहा कि मैं आप सभी को विश्वास दिलाती हूं कि क्षेत्र के सर्वांगीण विकास और जनता की सेवा के लिए पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य करती रहूंगी।

## पार्रीखुर्द स्कूल में 3 मार्च को वार्षिकोत्सव एवं विदाई समारोह

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** शासकीय प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक शाला पार्रीखुर्द में वार्षिकोत्सव एवं कक्षा पांचवी व आठवीं के बच्चों का विदाई समारोह का आयोजन 3 मार्च को किया जा रहा है। इस अवसर पर कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्रीमती देव कुमारी साहू जिला पंचायत सदस्य क्षेत्र क्रमांक 4 होंगे,कार्यक्रम के अध्यक्षता कुमारी बाई जैन सरपंच ग्राम पंचायत पार्रीखुर्द, विशिष्ट अतिथि मेघराज चंद्राकर जनपद पंचायत सदस्य क्षेत्र क्रमांक 21,बुद्धेश्वर साहू पूर्व सरपंच,मुकेश चंद्राकर पूर्व सरपंच,श्रीमती एस.विजयन संकुल प्राचार्य संकुल भर्रेगांव, भूपेश कुमार साहू संकुल समन्वयक संकुल भर्रेगांव, रामकुमार चौबे सेवानिवृत्ति प्रधान पाठक,जीवराखन निषाद सेवानिवृत शिक्षक सहित ग्रामीण जन उपस्थित रहेंगे ।

## नि:शुल्क दंत शिविर का आयोजन

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** अखिल भारतीय युवा अग्रवाल सम्मेलन(छ.ग.) सदैव मानव सेवा के लिये तत्पर रहते हुये अनेक आयोजनों को सर्वधर्म समाज के लिये करते आ रहा है। इसी कडी में स्वच्छ मुख अभियान के तहत नि:शुल्क दांतो की जांच का शिविर लगाया जा




रहा है। अखिल भारतीय युवा अग्रवाल सम्मेलन के अंकुश अग्रवाल, प्रतीक अग्रवाल द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ती के अनुसार सम्मेलन द्वारा आज 02 मार्च 2025 दिन रविवार को श्री अग्रसेन भवन के प्रथम तल में नि:शुल्क दांतो की जांच का शिविर आयोजित किया गया है। जिसमें छत्तीसगढ के सुप्रद्धि चिकित्सकों की टीम के द्वारा जांच कर उपचार हेतु सलाह प्रदान कि जायेगी। शिविर सर्व समाज के लिये है शिविर सुबह 10.00 बजे से प्रारंभ होकर दोपहर 02 बजे तक उपचार होगा। आयोजन समिति ने नगर के ऐसे नागरिकों जिन्हे मुख संबंधित कोई परेशानी हो उन्हें इस शिविर में शामिल होने का आग्रह किया है। उक्त जानकारी अखिल भारतीय युवा अग्रवाल सम्मेलन के मीडिया प्रभारी राहुल अग्रवाल ने दी।

## जर्जर पोल को हटाकर नया पोल लगाया गया, नागरिकों में हर्ष

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** गौरी नगर वार्ड क्रमांक 13 स्थित महादेव नगर में लक्ष्मण यादव के घर के पहले लोहे का पोल कई वर्षों से जंग लगकर सड़ जाने के कारण कभी भी गिरने की संभावना थी। जिससे कभी भी गंभीर दुर्घटना घटित हो सकती थी। जिसे देखते हुए नगर निगम के वरिष्ठ पार्षद हफीज खान व पूर्व पार्षद समद खान ने उच्च अधिकारियों को अवगत कराकर उक्त जर्जर पोल को हटाकर वहां पर नया पोल लगाया गया। जिससे वहां के



रहने वाले निवासरत नागरिकों ने वरिष्ठ पार्षद हफीज खान व पूर्व पार्षद समद खान का आभार व्यक्त किया।

**शुभांक**

**1-6-0**

**690-5 120-3**

# फायलेरिया के बचाव के लिए 27 फरवरी से 13 मार्च तक विकासखण्ड के प्रत्येक व्यक्ति को दवाई खिलायेंगे

## जन प्रतिनिधि व अधिकारी के द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डोंगरगांव में किया शुभारंभ



**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** फाइलेरिया जैसी गंभीर बीमारी के प्रति समुदाय को जागरूक करने के लिए और लोगों को इस बीमारी से सुरक्षित रखने के लिए पूरे देश में 11 नवम्बर को च्च्राष्ट्रीय फाइलेरिया दिवसज्ज् मनाया गया । इस दिवस के उद्देश्य को सार्थक करने के लिए और फाइलेरिया मुक्त छत्तीसगढ़ के लक्ष्य को प्राप्त करने हेतु जन-प्रतिनिधियों, अधिकारियों, स्वास्थ्य कर्मियों और समुदाय को साथ लेकर फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए लगातार प्रयास किये जा रहे हैं।

इस कार्यक्रम का शुभारंभ अंजु त्रिपाठी नव निर्वाचित अध्यक्ष नगर पंचायत डोंगरगांव श्रीकांत कोराम अनुविभागीय अधिकारी राजस्व ,पी एल नाग तहसीलदार व डां रागिनी चंद्रे खंड चिकित्सा अधिकारी के द्वारा किया गया

फाइलेरिया या हाथी पांव स्वास्थ्य की गंभीर समस्या है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्लूएचओ) के अनुसार फाइलेरिया दुनिया भर में दीर्घकालिक विकलांगता के प्रमुख कारणों में से एक है। यह संक्रमण लिम्फैटिक सिस्टम को नुकसान पहुंचाता है और अगर इससे बचाव न किया जाए तो इससे शारीरिक अंगों में असामान्य सूजन होती है। फाइलेरिया के कारण चिरकालिक रोग जैसे; हाइड्रोसील (अंडकोष की थैली में सूजन), लिम्फेडेमा (अंगों की सूजन) व काइलुरिया (दूधिया सफेद पेशाब) से ग्रसित लोगों को अक्सर सामाजिक बहिष्कार का बोझ सहना पड़ता है, जिससे उनकी आजीविका व काम करने की क्षमता भी प्रभावित होती है। फाइलेरिया उन्मूलन के प्रति राज्य पूरी तरह प्रतिबद्ध है और फाइलेरिया या हाथीपांव रोग से बचाने के लिए छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम समय-समय पर आयोजित किए जा रहे हैं। डां रागिनी चंद्रे खंड चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि फाइलेरिया मच्छर के काटने से होने वाला संक्रामक रोग है। इससे बचाव के लिए सरकार द्वारा लोगों को मुफ्त में दवा दी जा रही है। फाइलेरिया मुक्ति अभियान में कार्यक्रम की सफलता के लिए मितानिन, आंगनबाड़ी एवं प्रशिक्षित वॉलेंटियर को लगाया गया है जो घर-घर जाकर दो वर्ष के ऊपर के सभी लोगों को दवा की खुराक देंगे। उन्होंने फाइलेरिया से बचाव के लिए सोने के समय मच्छरदानी का प्रयोग करने एवं घर के आसपास साफ-सफाई रखने की आवश्यकता बताई है। उन्होंने बताया कि घरों के इर्द-गिर्द गंदगी रहने से मच्छरों का प्रकोप बढ़ता है जिससे कई प्रकार की संक्रामक बीमारी फैलती है। श्रीकांत कोराम अनुविभागीय अधिकारी राजस्व ने बताया कि फाइलेरिया से मुक्ति काफी आवश्यक है और इसका एक ही माध्यम है, डीईसी की एक गोली। उन्होंने कहा कि फाइलेरिया मुक्ति अभियान को घर-घर तक लेकर जाएं ताकि इस अभियान से एक भी व्यक्ति ना छूटे। उन्होंने कहा कि डीईसी की गोली पूरी तरह सुरक्षित है। इस गोली को ख़ाली पेट नहीं खाना चाहिए। इस दवा का कोई साइड इफेक्ट नहीं है। उन्होंने कहा कि किसी मरीज में अगर कोई साइड इफेक्ट होता है तो उन्हें घबराने



की आवश्यकता नहीं है। इस कार्यक्रम में फाइलेरिया से मुक्ति के लिए 2 वर्ष से कम उम्र के बच्चों, गर्भवती महिलाओं और अति गंभीर रूप से बीमार व्यक्तियों को छोड़कर सभी लोगों को उम्र के अनुसार डीईसी और अल्बंडाज़ोल की निर्धारित खुराक प्रशिक्षित स्वास्थ्यकर्मियों द्वारा घर-घर जाकर अपने सामने खिलाई जा रही है। उक्त कार्यक्रम के शुभारंभ के अवसर पर लक्ष्मी नारायण गुप्ता ,गुलशन हिरवानी राकेश कुर्रे बीपीएम, राकेश निर्मलकर, सुलोचना रामटेके , बी देवांगन नर्सिंग सिस्टर,अमृता सलामे,भोज कुमार साहू, योगराज रामटेके लक्ष्मीकांत पाल सावित्री मंडावी, इत्यादि उपस्थित थे

# भाजपा, ईडी की तानाशाही का विरोध संसद से सड़क तक होगा: कांग्रेस

## शहर व जिला कांग्रेस के नेतृत्व में जयस्तंभ चौक पर पुतला फूंककर ने जताया विरोध

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** केन्द्र की मोदी सरकार व प्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा प्रदेश में अराकता का माहौल बनाकर कांग्रेस नेताओं पर प्रवर्तन निर्देशालय (ईडी) के माध्यम से समन जारी कर प्रताड़ित करने का कार्य कर रही है। वर्तमान में राजीव भवन (कांग्रेस) की आड लेकर समन जारी कर छग के कांग्रेस नेताओं व कार्यकर्ताओं पर ईडी भारतीय जनता पार्टी का अनुसांगिक संगठन की भांति कार्य करते हुए कांग्रेस नेताओं व कार्यकर्ताओं को ईडी कार्यालय में घंटों बैठाया जा रहा है उन्हें प्रताड़ित किया जा रहा है। जिसको लेकर 01 मार्च को जिला मुख्यालय में भाजपा व ईडी का पुतला दहन किया गया।

जानकारी देते हुए शहर कांग्रेस कमेटी के महामंत्री अमित चंद्रवंशी ने बताया कि केन्द्र की मोदीनीत भाजपा सरकार प्रदेश कांग्रेस कार्यालय (राजीव भवन) को किस मद से जारी करके बनाया गया है करके समन जारी प्रदेश कांग्रेस महामंत्री मलकीत सिंह गैंद सहित अन्य कांग्रेसजनों को ईडी कार्यालय में बैठाकर घंटों पूछताछ कर प्रताड़ित किया जा रहा है कांग्रेस के लोगों को भाजपा डराना चाहती है पर



हम डरने वाले लोगों में से नहीं है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज के निर्देशानुसार शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा व ग्रामीण कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष भागवत साहू नेतृत्व में 01 मार्च शनिवार को जयस्तंभ चौक पर भाजपा व ईडी का पुतला दहन कर विरोध जताया। जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष भागवत साहू ने कहा कि केन्द्र में बैठी तानाशाह मोदी सरकार व प्रदेश की भाजपा सरकार एक दशक पुरानी कांग्रेस पार्टी को बदनाम करने का काम कर रही है। कांग्रेस (राजीव) भवन के निर्माण को लेकर ईडी द्वारा समन जारी कर उल्टे-सीधे सवाल पूछकर कांग्रेसी नेताओं को प्रताड़ित व परेशान किया जा रहा है। भाजपा सरकार बस्तर से लोहा निकालने फैक्ट्री लगवाने जा रही है, जिसका विरोध कांग्रेस के वरिष्ठ नेता कवासी लखमा, दीपक बैज सहित अन्य नेताओं ने किया तो भाजपा ने ईडी का सहारा लेकर लखमा को जेल भेज दिया और दीपक बैज के घर पुलिस रेकी कर रही है, जो कही न कहीं बस्तर की आवाज का दबाने का प्रयास कर रही है, जबकि भाजपा के प्रदेश कार्यालय (कुशाभाउ ठाकरे) 5-स्टार होटल से कम नहीं वहीं प्रदेश के सभी जिलों में भाजपा कार्यालय किस मद से बना है उसका जवाब भाजपा दें। जबकि कांग्रेस भवन कार्यकर्ताओं द्वारा दिए गए चंदे की राशि से बना है उसको ईडी के माध्यम से परेशान किया जा रहा है जो कदापि न्यायोचित नहीं हैं, जिसको लेकर आज भाजपा व ईडी का पुतला दहन किया गया और आगामी 03 मार्च को प्रदेश स्तरीय धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। इस दौरान प्रमुख रूप से पूर्व मंत्री धनेश पाटिला, पीसीसी महामंत्री शाहिद खान, वरिष्ठ नेता रमेश डाकलिया, श्रीकिशन खंडेलवाल, पदम कोठारी, सुदेश देशमुख, कमलजीत पिंटू, पंकज बांधव, रूपेश दुबे, दिनेश शर्मा, शहर कांग्रेस उपाध्यक्ष मोहम्मद यहया, महामंत्री झम्मन देवांगन, दक्षिण ब्लॉक अध्यक्ष सूर्यकांत जैन, अशोक फड़नवीस, जयनारायण सिंह, विजयराज सिंह चौहान, ओमप्रकाश, प्रकाश बाफना, अभिमन्यु मिश्रा, चेतन सिन्हा, संजय साहू, गोपी रजक, भोला यादव, मनीष साहू, पूर्णिमा नागदेवे, सुरेन्द्र देवांगन, रज्जू जान, सुरेन्द्र गजभिए, निलेश ठावरे, संदीप सोनी, शरद पटेल, शैलेष रामटेके, तौसिफ गोरी, विशु अजमानी, मुस्तफा जोया, ललित कुमारे, तुलदास साहू, ललिता साहू, रमाकांत साहू, गिरीश साहू, संदीप जायसवाल, सागर ताम्रकार, निसार खा, जितेन्द्र सिन्हा सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित थे।

## कर्मा एवं भानेश्वरी माता की जयंती: साहू समाज द्वारा व्यापक तैयारियां

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** भक्त शिरोमणि संत माता कर्मा एवं मां भानेश्वरी देवी की जयंती हर साल की तरह इस साल भी धूमधाम से मनाए जाने की तैयारी जिला साहू संघ द्वारा की जा रही है। तैयारीयों को गति देने जिला साहू सघ एवं तहसील परिक्षेत्र साहू सघ की बैठक 2 मार्च को




जिला साहू सदन में रखी गई है। जिला साहू संघ के महामंत्री नीलमणी साहू ने जानकारी देते हुए बताया कि बैठक रविवार सुबह 11:00 से आरंभ होगी। बैठक के प्रमुख विषय तीन होंगे जिसमें कर्मा जयंती मां भानेश्वरी जयंती कार्यक्रम के रूपरेखा बनाने एवं त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव तथा नगरीय निकाय चुनाव पर सामाजिक समीक्षा होगी। साथ ही अन्य विषयों पर चर्चा की जाएगी।

## निषाद समाज का बैठक राजनांदगांव में कल 2 मार्च को महापौर मधुसूदन यादव का आगमन

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** जिला निषाद समाज का मासिक बैठक 2 मार्च 2025 रविवार को दोपहर 12 बजे जिला कार्यालय नया सामाजिक भवन कौरिनभांठा राजनांदगांव में जिलाध्यक्ष द्रुपद मुन्ना निषाद, प्रदेश सचिव गिरधर लाल निषाद, महासचिव टीकम निषाद, उपाध्यक्ष सुशीला निषाद, उपाध्यक्ष लोकेश निषाद, मछुआ कल्याण समिति जिलाध्यक्ष व क्षेत्रीय अध्यक्ष छगन लाल निषाद, संगठन सचिव मौजीराम निषाद की उपस्थिति में आयोजित की गई है ।

# धर्मायतन से राष्ट्र तथा धर्म की पहचान होती है निर्यापक श्रमण मुनि श्री समतासागर महाराज जी

**राजनंदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** दि. जैन मंदिर परिसर में धर्मसभा को सम्वोधित करते हुये निर्यापक श्रमण मुनि श्री समतासागर महाराज ने जैनधर्म का इतिहास बताते हुये कहा कि सन् 1925 में मोहन जोदड़ो और हड़प्पा की खुदाई हुई और उस खुदाई में जो अवशेष मिले उसमें योग मुद्रा तथा कायोत्सर्ग मुद्रा के भित्तिचित्र दिखे उससे यह सिद्ध हुआ कि भारतीय संस्कृति धर्म प्रधान संस्कृति रही है और उस संस्कृति में जैन संस्कृति का विशेष स्थान रहा है।र्धमा से राष्ट्र तथा धर्म की पहचान होती है। उन्होनें कहा कि भले ही जैनियों की संख्या बहुत कम रही हो लेकिन हमारे पूर्वजों ने जो काम देश और दुनिया के लिये किया उससे आज भी हम सभी लोगों की पहचान पूरी दुनिया में विशेष रूप से बनी हुई है। उन्होंने कहा कि जैन मुनियों की चर्या और जैन धर्म का मार्ग कोई आज - कल का मार्ग नही है यह तो भगवान ऋषभदेव के काल से चला आ रहा है। हां इतना अवश्य हुआ है कि इस युग में आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज हुये जिन्होंने श्रमण संस्कृति को एक नई पहचान देकर समाज को जीवंत किया तथा नई पीढी में जो युवा धर्म से दूर रहते थे उनको धर्म से जोड़ा7 उन्होंने कहा कि समाज का कोई धर्मायतन से सारी समाज एक रहती है7 यहाँ से विचारों का संग्रह करने का केंद्र होता है इसलिये प्रत्येक परिवार को इसे अपना मानकर इससे जुड़ना चाहिये। जिनबिम्ब और जिनायतन आपकी अपनी पहचान है तथा आपके सबसे बड़े सूचना



केंद्र है। इसमें आने वाले सभी श्रद्धालुओं को अनुशासन के साथ - साथ कर्तव्य का भी पालन करना चाहिये7 इससे आपकी विशुद्धि बड़ती है। लाखों - करोड़ों लोग पूजा पाठ करके सम्यक् दर्शन प्राप्त कर रहे है। उन्होंने कहा कि जब हम श्रवणवेलगोला की हजारों बर्षो से खड़ी विशाल प्रतिमा च्गोमटेश बाहुबलीज्ज् को देखते है तो चामुंडराय जीवंत हो उठते है7 आज भी संपूर्ण दक्षिण ही नहीं बल्कि भारत में राजा चामुंडराय का नाम बड़े ही सम्मान से लिया जाता है जिन्होंने इस विशाल प्रतिमा का निर्माण किया था7 मुनि श्री ने भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरु का अनुभव सुनाते हुये कहा कि जब वह उस पहाडी पर पहुंचे और उन्होंने प्रत्यक्ष दर्शन किये तो लिखा कि गोमटेश बाहुबली की इस विशाल प्रतिमा को देखकर मै विस्मय और विमुक्त हो गया अर्थात वह आश्रय के साथ उसे देखते रह गये। दूसरा उदाहरण उन्होंने जबलपुर की आटा पीसने वाली उस मां का दिया जिसने अपने परिवार का पालन पोषण करते हुये एक मढिया बना कर जिनेन्द्र प्रभु विराजमान कर दिये7 वह स्थान आज पिसनहारी की मढिया के नाम से जबलपुर का शानदार तीर्थक्षेत्र बना हुआ है। उन्होंने कहा कि राजाओं के महल भले ही खंडहर हो गये हों लेकिन उस मां की पसीने की कमाई आज भी जीवंत है।

उन्होंने कहा कि धर्म का इतिहास कभी पुराना नहीं होता है जब भी लिखा जाता है वह नया ही होता है। इस अवसर पर मुनि श्री पवित्रसागर जी,ऐलक श्री निश्चयसागर जी, ऐलक श्री निजानंद सागर जी,क्षु. श्री संयम सागर जी महाराज मंचासीन रहे। राष्ट्रीय प्रवक्ता अविनाश जैन विद्यावाणी एवं प्रचार प्रमुख निशांत जैन ने बताया मुनिसंघ राजनांदगांव दि. जैन मंदिर में विराजमान है रविवार को प्रात:8 बजे से श्री शांतिनाथ महामंडल विधान एवं मुनिसंघ की देशना होगी सभी धर्म श्रद्धालुओं से निवेदन है समय पर दि. जैन मंदिर के सभाकक्ष में पधारें।

## ज्ञान मंथन

*1) हाल ही में संयुक्त राष्ट्र द्वारा किस दिन को विश्व फुटबॉल दिवस घोषित किया गया?*

*2) सैन्धव सभ्यता का स्थल आलमगीरपुर कहाँ स्थित है?*

*3) बृहस्पति के वलय किस पदार्थ से बने होते है?*

*4) भारतीय संविधान की प्रस्तावना में देश को किन नामों से पुकारा जाता है?*

*5) हाल ही में इदाशीशा नोंग्रांग को किस राज्य की पहली महिला पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) नियुक्त किया गया है?*

RamaQuiz (Pappu Ganesh )



## उत्तर माला

(1) 25 मई (2) मेरठ (उत्तर प्रदेश) (3) सिलिकेट (4) भारत और इंडिया (5) मेघालय

## उपमुख्यमंत्री जेवड़न कला में आयोजित भागवत कथा में हुए शामिल



**कवर्धा।** प्रदेश के उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा आज अपने एक दिवसीय प्रवास के दौरान ग्राम जेवड़न कला में आयोजित भागवत कथा में शामिल हुए। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने भागवात महापुराण पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद भी लिया और कबीरधाम जिले एवं छत्तीसगढ़ की खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य श्री ईश्वरी साहू सहित जनप्रतिनधि उपस्थित थे।

## रजिस्ट्रेशन ऑफ न्यूज पेपर्स (सेंट्रल) रूल्स 1956 के अंतर्गत छत्तीसगढ़ के संबंध में स्वामित्व तथा अन्य विषयक जानकारी

### घोषणा पत्र

(फार्म 4 नियम 8)

| | | |
|---|---|---|
| 1. प्रकाशन स्थल | : | गंज चौक, राजनांदगांव |
| 2. प्रकाशन अवधि | : | दैनिक |
| 3. मुद्रक का नाम | : | अशोक पाण्डे |
| राष्ट्रीयता | : | भारतीय |
| निवास | : | वार्ड नं. 25, सिनेमा लाईन, राजनांदगांव |
| 4. प्रकाशक का नाम | : | अशोक पाण्डे |
| राष्ट्रीयता | : | भारतीय |
| निवास | : | वार्ड नं. 25, सिनेमा लाईन, राजनांदगांव |
| 5. संपादक का नाम | : | अशोक पाण्डे |
| राष्ट्रीयता | : | भारतीय |
| निवास | : | वार्ड नं. 25, सिनेमा लाईन, राजनांदगांव |
| 6. पत्र का स्वामित्व भागीदारी अथवा एक प्रतिशत से अधिक पूंजी वाले हिस्सेदार | : | अशोक पाण्डे |

मैं अशोक पाण्डे एतद् द्वारा घोषित करता हूं कि मेरी अधिकतम जानकारी एवं विश्वास के अनुसार ऊपर दिए गए विवरण सही है।

हस्ताक्षर
अशोक पाण्डे
प्रकाशक

दिनांक 01.03.2025

# जीवन का सर्वश्रेष्ठ समय होता छात्र जीवन : विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह



**राजनंदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह आज पद्मश्री गोविंदराम निर्मलकर ऑडिटोरियम राजनांदगांव में आयोजित शिवनाथ विज्ञान महाविद्यालय के वार्षिकोत्सव समारोह कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर सांसद श्री संतोष पाण्डेय, नवनिर्वाचित महापौर श्री मधुसूदन यादव विशेष रूप उपस्थित थे। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय स्तर पर नैक (राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद) द्वारा बी++ ग्रेड की उपलब्धि प्राप्त किया गया है, यह महाविद्यालय के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि है। उन्होंने कहा किजीवन का सर्वश्रेष्ठ समय छात्र जीवन होता है। यह समय लौट कर वापस नहीं आता, इसलिए छात्र जीवन को अच्छी तरह जीना चाहिए, अध्ययन के साथ ही सांस्कृतिक दृष्टिकोण से भी विभिन्न गतिविधियों में भाग लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ के युवाओं में भरपूर प्रतिभा है। अमेरिका, यूरोप एवं दुनिया में देश एवं प्रदेश के बच्चों ने अपनी बुद्धि, मेधा, शिक्षा की गुणवत्ता से यह साबित किया है कि हम किसी से कम नहीं है। अमेरिका के साईबर सिटी में टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में तथा यूरोप के विभिन्न संस्थाओं में देश के युवा कार्य कर रहे है। उन्होंने कहा कि नवीन शिक्षा नीति के माध्यम से युवाओं के लिए रोजगार के नये अवसर तलाशेंगे। जिसमें विभिन्न तरह के कोर्स उपलब्ध है तथा शिक्षा की गुणवत्ता को बढ़ाने पर विशेष ध्यान दिया गया है। उन्होंने कहा कि महाविद्यालय में सुविधाएं बढ़े इसके लिए विशेष तौर पर प्रयास करेंगे। विद्यार्थियों की संख्या बढ़ रही है, इसके लिए अतिरिक्त कक्षों के निर्माण करने की बात कही। उन्होंने आगामी बजट में महाविद्यालय के अधोसंरचना निर्माण के लिए प्रावधान करने की बात कही। उन्होंने नवीन पदों के सृजन, नियमित स्टॉफएवं अन्य सुविधाओं को तत्काल पूर्ण करने के लिए कहा। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष ने प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक प्रदान कर सम्मानित किया।

# उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा नगर पंचायत सहसपुर लोहारा और बोड़ला नगरीय निकायों के शपथ ग्रहण कार्यक्रम में शामिल हुए



**कवर्धा।** प्रदेश के उप मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा आज नगर पंचायत बोड़ला और सहसपुर लोहारा में नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं पार्षदों के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने सभी नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं पार्षदों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि सहसपुर लोहारा और बोड़ला नगर पंचायत में पूर्ण बहुमत के साथ ट्रिपल इंजन की सरकार बनी है। नगर पंचायत की इस सरकार में बहुत ही अनुभवी और युवाओं की टीम बनी है। अब इन दोनों नगर पंचायत क्षेत्र में राज्य शासन की लोक कल्याणकारी योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन होगा, साथ नगर क्षेत्र का मूलभूत एवं बुनियादी सुविधाओं के साथ समुचित विकास होगा। नगर पंचायत बोड़ला में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में अनुविभागीय अधिकारी बोड़ला सुश्री रुचि शार्दुल ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष श्री विजय पाटिल एवं पार्षदों को शपथ दिलाई। सहसपुर लोहारा में अनुविभागीय अधिकारी श्री चेतन साहू ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष श्री संतोष मिश्रा एवं पार्षदों को शपथ ग्रहण कराई। इस अवसर पर गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष श्री विशेषर पटेल, जिला पंचायत सदस्य ईश्वरी साहू, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष श्री विदेशी राम धुर्वे, श्री संतोष पटेल, श्री गोपाल साहू, श्री अजय बागड़े, श्री प्रदीप मिश्रा, जसविंदर बग्गा सहित जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। उप मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा ने सभी को बधाई शुभकामनाएं देते हुए कहा कि नव निर्वाचित अध्यक्ष और पार्षद अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ करेंगे तथा शहर को स्वच्छ, सुंदर और सुविधाओं से युक्त बनाने के लिए समर्पित भाव से कार्य करेंगे। उन्होंने आश्वस्त किया कि राज्य सरकार शहर के समग्र विकास और जनता के कल्याण के लिए हरसंभव सहयोग प्रदान करेगी, ताकि प्रत्येक नागरिक को बेहतर जीवन स्तर मिल सके और शहर प्रगति के नए आयाम स्थापित कर सके।

# दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे मजदूर कांग्रेस शाखा डोंगरगढ़ के पुनः सचिव बने अनिल पोद्दार

**डोंगरगढ़ (नांदगांव टाइम्स)।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे मजदूर कांग्रेस मुख्यालय बिलासपुर के महामंत्री माननीय श्री पीतांबर लक्ष्मी नारायण के निर्देश अनुसार एवं नागपुर मंडल के मंडल संयोजक माननीय इंदल दमाहे के उपस्थिति में दिनांक 27.02.2025 को द्वितीय वर्षीय सामान्य सभा का आयोजन किया गया सर्वप्रथम शाखा के सचिव अनिल पोद्दार ने द्वितीय वार्षिक आम सामान्य सभा की शुरुआत करने से पहले मां बमलेश्वरी देवी की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर पूजा कर रामधुन के पश्चात सामान्य अतिथियों का फूल माला से स्वागत किया गया तत्पश्चात शाखा के द्वारा विशेष उपलब्धियां के अंतर्गत नए 56 रेलवे आवास बनाए गए रनिंग कर्मचारियों के स्थानांतरण को रोका गया तथा उन्हें जो आरोप पत्र दिया गया था उन्हें रोका गया मकान भत्ता दिलाया गया इसी क्रम में परिचालन विभाग के 45 कर्मचारी एवं रनिंग विभाग के 75 कर्मचारी इंजीनियरिंग के 20 कर्मचारियों को मकान भत्ता दिया गया इंजीनियरिंग के लगभग 10 कर्मचारियों को 2020 से मकान भत्ता का एरियास दिलाया गया इसके बाद मंडल से आए मंडल संयोजक श्री इंदल दमाहे ने पुरानी बॉडी को भंग कर नए स्तर पर चुनाव कराया जिसमें शाखा के सचिव के रूप में अनिल पोद्दार





निर्विरोध निर्वाचित हुए इसी प्रकार शाखा के अध्यक्ष पद के लिए अमित डे निर्विरोध निर्वाचित हुए तत्पश्चात समस्त पदाधिकारी का चयन किया गया जिसमें कार्यकारिणी अध्यक्ष शत्रुंजय उपाध्यक्ष उपाध्यक्ष सपन नायक एवं राजेश पांडे सहसचिव श्री गोपाल कुमार सिंह ,डेविड बागडे , राजन ,एम नागेश्वर राव संगठन सचिव के रूप में संदीप यादव ,तारकेश्वर राय कोषाध्यक्ष लक्ष्मी नारायण और क्वार्टर कमेटी हेतु पी सूर्य राव निर्वाचित हुए अंत में मंडल संयोजक इंदल दमाहे ने कहा कि यूनियन में सक्रिय भूमिका निभाने का और अधिक मजबूत बनाने हेतु कहा उन्होंने बताया कि आज के समय में इतनी कठिनाइयों के बाद भी यूनियन कार्य करती है जिसका श्रेय दूसरे लोग ले रहे हैं और यूनियन को बदनाम करने की कोशिश किया जा रहा है जिससे आप सभी सावधान रहेंमें दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे मजदूर कांग्रेस बिलासपुर के महामंत्री श्री पीतांबर लक्ष्मी नारायण ने किसी भी प्रकार की समस्या होने पर तत्काल उसके समाधान हेतु आश्वाशन दिया इस कार्यक्रम में बहुत से रेल कर्मचारी उपस्थित हुए जिसमें मुख्य रूप से चंद्रशेखर, वेद प्रकाश, आशुतोष सिंह ,राजीव कुमार ,सुमित कुमार, सुनील कुमार इंदुरकर, अरविंद सहारे, हीरामन, सुमित सिंह ,डेविड, कोमल प्रसाद ,राजीव कुमार ,घनश्याम ,गोविंद, राहुल कुमार ,जितेंद्र, आनंद, चूड़ामणि , अजय मेश्राम, राधेलाल साहू,आदि उपस्थित हुए। 000

## धर्म समाचार....

# होलिका दहन 13 मार्च को : होलिका-प्रहलाद, बसंत की शुरुआत, नई पसल से जुड़ी हैं होली की कथाएं, कामदेव ने प्रकट की थी बसंत ऋतु

कुछ ही दिनों के बाद 13 मार्च को फाल्गुन पूर्णिमा यानी होलिका दहन है। इसके बाद 14 मार्च को होली खेली जाएगी। इस पर्व की मान्यताएं होलिका-प्रहलाद के साथ ही बसंत ऋतु और नई फसल से भी जुड़ी हैं। रंगों का ये पर्व उत्साह और आनंद का प्रतीक है। इस समय पेड़ों से पत्ते गिरने लगते हैं और नए पत्ते आने लगते हैं। प्रकृति हमें बताती है कि जब पुरानी चीजें खत्म होती हैं, तब ही नई शुरुआत होती है। उज्जैन के ज्योतिषाचार्य पं. मनीष शर्मा कहते हैं कि ज्योतिष में होली की रात का महत्व काफी अधिक रहता है। होलिका दहन की रात तंत्र-मंत्र से जुड़ी साधनाएं की जाती हैं। जो लोग मंत्र साधना करना चाहते हैं, वे किसी विशेषज्ञ गुरु के मार्गदर्शन में मंत्र जप और साधना करते हैं।



**भक्त प्रहलाद और होलिका से जुड़ी मान्यता**

प्रहलाद और होलिका की मान्यता सबसे ज्यादा प्रचलित है। प्रहलाद हिरण्यकश्यपु का पुत्र था, वह विष्णु भक्त था। इस बात से हिरण्यकश्यपु बहुत क्रोधित था और प्रहलाद को मार देना चाहता था। उसकी कई कोशिशों के बाद भी हर बार विष्णु कृपा से प्रहलाद बच जाता था। तब हिरण्यकश्यपु की बहन होलिका प्रहलाद को लेकर आग में बैठ गई। होलिका को आग में न जलना का वरदान मिला हुआ था, लेकिन विष्णु कृपा से प्रहलाद बच गया और होलिका जल गई। ये घटना फाल्गुन पूर्णिमा की मानी जाती है। तब से होलिका दहन का त्योहार मनाया जाने लगा।

**कामदेव ने प्रकट की बसंत ऋतु**

होली के समय से बंसत ऋतु की शुरू होती है। एक मान्यता ये भी है कि बसंत ऋतु के स्वागत में रंगों का त्योहार मनाया जाता है। कामदेव ने भगवान शिव की तपस्या भंग करने के लिए बसंत ऋतु को प्रकट किया था। बसंत को ऋतुरात कहा जाता है। इसके बाद जब शिव जी का तप भंग हुआ तो उन्होंने कामदेव भस्म कर दिया था। बाद में कामदेव की पत्नी रति की प्रार्थना पर शिव जी उसे ये वरदान दिया था कि द्वापर युग में कामदेव श्रीकृष्ण के पुत्र के रूप में जन्म लेंगे। ये घटना फाल्गुन मास की पूर्णिमा तिथि की ही घटना मानी गई है।

**किसानों के लिए महापर्व है होली**

ये फसल पकने का समय है। इन दिनों में अधिकतर किसानों की फसलें तैयार हो जाती हैं, किसान फसल पकने की खुशी मनाने के लिए रंगों से त्योहार मनाते हैं, इस मान्यता की वजह से भी होली मनाने का चलन है। किसान जलती हुई होली में नई फसल का कुछ भाग अपने इष्टदेव को अर्पित करते हैं और खुशियां मनाते हैं।

## कुंभ राशि में अस्त हो रहे हैं शनि, 3 राशियों पर जमकर होगी पैसों की बारिश

शनि 27-28 फरवरी 2025 को अपनी राशि कुंभ में अस्त होंगे और 9 अप्रैल को उदय करेंगे। इस स्थिति का सकारात्मक असर कुछ राशियों पर पड़ने वाला है। इनमें तीन राशियाँ विशेष रूप से लाभान्वित होने वाली हैं, जिन्हें शनिदेव की कृपा मिलेगी। ग्रह अपनी चाल समय-समय पर बदलते रहते हैं। ऐसे शनि 27 और 28 फरवरी 2025 की रात 12 बजकर 09 मिनट पर अपनी ही राशि कुंभ में अस्त होने वाले हैं। वह उसके बाद 9 अप्रैल को सुबह 6 बजकर 37 मिनट पर उदय होंगे। अपनी राशि में अस्त होने की वजह से इसका सकारात्मक असर भी कुछ राशियों पर होगा। 12 में 3 राशियां ऐसी हैं, जिनको जबरदस्त लाभ होने वाला है। इस आर्टिकल हम आपको बताएंगे कि शनिदेव की कृपा किन तीन राशियों पर पड़ने वाली है।




**मेष राशि**- ज्योतिष शास्त्र की मानें तो मेष राशि के 11वें भाग में शनि अस्त होंगे। इस स्थिति में सबसे ज्यादा फायदा मेष राशि के जातकों को होगा। नौकरीपेशा वाले जातकों की चांदी होने वाली है। उनको नौकरी में प्रमोशन मिल सकता है। इस दौरान अच्छा इंक्रीमेंट होगा, जिससे परिवार पर खर्च करने की क्षमता बढ़ेगी। व्यापार से जुड़े जातकों की स्थिति बहुत ही मजबूत हो जाएगी। व्यापार में ऊंचाई छुएगा। आपके रुके हुए काम बनते चले जाएंगे।

**कर्क राशि** - कर्क राशि के जातकों के लिए शनि का अस्त होना बहुत ही शुभ रहेगा। नौकरीपेशा जातकों को बॉस का साथ मिलेगा। आय में बढ़ोत्तरी होगी, जिससे परिवार में खुशियां आएंगी। प्रमोशन होने की पूरी उम्मीद है। आपको अटका हुआ धन मिल सकेगा। इस दौरान आपकी मेहनत सफल होगी। पार्टनर के साथ रिश्ते मधुर होंगे।

**धनु राशि** - शनि का अस्त होना आर्थिक रूप से धनु राशि के जातकों के लिए लाभकारी होगा। करियर में तरक्की होगी। नौकरीपेशा जातकों को प्रमोशन मिलेगा। व्यापार करने वाले जातकों के लिए यह समय बहुत ही अच्छा है। एक डील से आपको अच्छा लाभ मिलेगा। आपके अटके काम धीरे-धीरे पूरे होने लगेंगे।

- क्रिकेट किट
- फुटबाल
- हॉकी किट
- योगा मेट

स्वाती स्पोर्ट्स

खिलाड़ियों एवं विद्यार्थियों के लिए विशेष छूट...

क्रिकेट, हॉकी, कबड्डी, वॉलीबॉल, खो- खो, बैडमिंटन, बास्केट बॉल, थ्रो बॉल, शॉपट बॉल, हाई जम्प, बॉक्सिंग रिंग, टेनिस बॉल, स्पोर्ट्स बॉल, रैकेट बैग, स्पोर्ट्स बॉटल, स्पोर्ट्स बैग, बैडमिंटन नेट, स्कोरल टेबल, बोर्ड गेम्स, टी- टी टेबल,टी-टी बॉल, टेबल टेनिस बैट, टी-टी बैट, टैक शूट, जिम सामग्री, स्पोर्ट्स शूज, स्कूल बैग सहित सभी खेल सामग्री उपलब्ध...





स्टेडियम परिसर, कलेक्टोरेट के सामने राजनांदगांव, मो. 99819-65770, 88393-71971

# आक्रातांओं ने सनातन को क्षति पहुचानें ग्रन्थ जला दिये किन्तु सनातन का कोई बाल बांका नही हुआ.. पंडित अर्पित भाई शर्मा

## श्रीमदभागवत कथा भवसागर को पार करने वाली नाव है



राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। श्रीमदभागवत महापुराण का रस के पृथ्वी में ही है, यह बैंकुठ व कैलाशपुरी में भी उपलब्ध नही है, तभी देवता भी पृथ्वी में आकर अवतार लेने लालायित हुये। वेदरूपी पका हुआ फल श्रीमदभागवत हैं, यह फल शुक द्वारा चखा हुआ हैं जिस प्रकार वृक्ष में लगे फल कि मीठास पक्षी के चखने से होती हैं उसी प्रकार श्रीमदभागवत शुक द्वारा चखा हुआ हैं। भागवत जी के परिपक्व फल के रस का पान तब तक करें जब तक देह का लय नही हो जाता। कुछ फल के छिलके त्याज्य हैं अर्थात कुछ बातें ग्रहण योग्य हैं और कुछ त्याज्य हैं। उक्त उदगार श्री अग्रसेन भवन में आयोजित श्रीमदभागवत महापुराण कथा के दुसरे दिन व्यासपीठ पर विराजित अंचल के सुप्रसिद्ध भगवताचार्य पंडित अर्पित भाई शर्मा ने भक्तों के खचाखच भरें सभागृह में व्यक्त किये।

पंडित अर्पित भाई शर्मा ने आगे कहा कि जब जन्म जन्मांतर के पुण्य फलों का उदय होता है तब भागवत रस रूपी वेद श्रवण करने का अवसर मनुष्य को प्राप्त होता है। मन लगाकर कथा श्रवण करने से ही कल्याण का मार्ग प्रसश्त होगा। प्रभु ने हमें दो हाथ दिये है माला फेंरने, वाणी दी है भजन करने, ऑखे दी है दर्शन के लिये। किन्तु आज मनुष्य इसका उपयोग भोग विलास में कर रहा है, जो उसके पतन का कारण हैं। भगवत रूपी रस का सेवन कर्ण से करते हुये हृदय में स्थिर करेंगें तो भक्ति का जागरण होगा और परमेश्वर की प्राप्ति शीघ्र होगी। पंडित अर्पित भाई ने कहा कि धर्म वह है जो लोगों को जोडना, जागना सिखायें। तोडना जो मजहब सिखाता है। शुकदेव जी ने पद्म पुराण में कहा है कि श्रीमदभागवत पुराण सभी ग्रन्थों में सर्वश्रेष्ठ है, यह पुराणों का तिलक है, सम्राट है। इसके पठन अध्ययन व श्रवण से मुक्ति की प्राप्ति होती है। यह गुढ़ ग्रन्थ है रहस्य से परिपुर्ण है। यह मनोरंजन का साधन नही है। इस ग्रन्थ की महिमा अपरम्पार है इसका चिन्तन मनन, पठन व श्रवण व्यक्ति को मुक्ति का मार्ग दिखाता है। श्रीमद अर्थात श्री से युक्त, अर्थात श्रीराधारानी। रस रासेश्वरी रस की बरसात करने वाली से है। यह कृष्ण प्रेम का रस बरसाने वाली है। यह भागवत में स्थित है। अनेक कथाकार कहते है कि श्रीमदभागवत में राधा जी हैं ही नही किन्तु जिस प्रकार मेंहदी के पत्ते हरे होते है किन्तु जब उसे पीसा जाये तो लालिमा प्रदान करते है उसी प्रकार श्रीमदभागवत कथा के श्लोंको का मंथन करने से राधिकारानी प्रकट हो जाती है। श्रीमदभागवत कथा ब्रम्हा जी ने नारद को दी, फिर व्यास जी ने इसका विस्तार किया। कृष्ण ने कौरवों से पांच गांव मांगे थे जो इन्द्रप्रस्थ, तिलकप्रस्थ, सोनप्रस्थ, पानप्रस्थ एवं गजप्रस्थ थे। आक्रांताओं ने हमारे कल्चर को मिटाने के लिये इन नामों को बदल दिया। हमारे धर्म को क्षति पहुचानें सारे ग्रन्थ जला दिये किन्तु ब्राम्हणों ने अपने दिव्य मस्तक में ग्रन्थों को धारण करके रखा था। इसी कारण आज सनातन धर्म जीवित है। कथा प्रसंग को आगे बढाते हुये व्यासपीठ पर विराजित पंडित अर्पित भाई शर्मा ने कहा कि सत्य स्वरूप परमात्मा का ध्यान करने के लिये मंगलाचरण किया जाता है। पहला मंगलाचरण श्री व्यास जी ने किया, दसरा मंगलाचरण शुकदेव जी ने किया तथा तीसरा मंगलाचरण सूत जी ने किया और अब पृथ्वी पर हम आपके समक्ष कर रहे है। भागवत च्च् सत्यम् परम् धींमहिच्च् से प्रारंभ होकर इसी में पूर्ण होती है। सभी उपनिषदो का सार ब्रम्हसुत्र में है। ब्रम्ह को जानने की इच्छा हुई कि वह कैसा है सृष्टि का जन्म, पालन व लय होता है। वृक्ष में ही फल पकता हैं और मीठा होता है। किन्तु वृक्ष की टहनी मीठी नही होती। वेद पढने जायेगें तो समझना मुश्किल होगा अत: बुद्धि रूपी फल भागवत दिया गया। यह सृष्टि परब्रम्ह परमात्मा से बनी है इसी में मिल जायेगी। यह सर्वत्र है। जीभ यशोदा है इससे परमात्मा का नाम लेने से कृष्ण रूपी पुत्र की प्राप्ति होती है। भागवत कथा के पुर्व भागवत की यात्रा निकालने की परम्परा हैं यह इसलिये है कि यह परमब्रम्ह है हम इसे सिरोधार्य करते है। भगवान कृष्ण पोथी स्वरूप में है अत: इसे सिर पर धारण करते है। यह सरताज हैं। भागवत में सौनकादिक ऋषियों ने छ: प्रश्न पुछे। पहला पुरूष मात्र एकांतिक मार्ग पर क्यों चला, दूसरा समस्त सिद्धांतो का सार क्या है, तीसरा भगवान कृष्ण देवकी वसुदेव के यहां क्यों प्रकट हुये, चौथा भगवान ने कितने अवतार लिये, पांचवा



अवतार लेने पर कौनसी लीलायें की, छठवां भगवान जब धरा धाम को छोडकर गये तब धर्म किसकी शरण में गया। इन सभी प्रश्नों का उत्तर भक्ति मार्ग की ओर जाना है। यदि पुजन यज्ञ कर रहें हैं किन्तु हृदय में भक्ति नही है तो वह केवल परिश्रम होगा और उसका कोई फल नही मिलेगा। बच्चों की आदत होती है कि वह बडों का देखकर अनुशरण करते है कलिकाल में माता की प्रधानता बताई गई है। सभी शस्त्रों का सार भक्ति से है। भगवान ने चौबिस अवतार लिये किन्तु श्रीमदभागवत कथा में बाईस अवतारों को व्याख्यायित किया गया है। श्रीमदभागवत कथा भव सागर को पार कराने वाली नाव है। यह हमें ऐसे घाट में ले जाती है जहां स्वयं श्यामसुन्दर हमारी प्रतिक्षा कर रहें है। द्वितीय दिवस की कथा में परिक्षित जन्म, हिराण्याक्ष वध एवं वराह अवतार का सविस्तार वर्णन किया गया।

# नक्सल पीड़ित शहीद परिवारों के लिए क्या कर रहीं है ड़बल इंजन की भाजपा

### पीड़ित परिवारों को नक्सल पूनर्वास नीति का लाभ देने से ही होगा नक्सलवाद का अंत : धीरेन्द्र साहू



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** बस्तर के आदिवासियों की विकास को लेकर ड़बल इंजन की भाजपा सरकार का कदम नि:सन्देह सराहनीय है, लेकिन सवाल उस सिस्टम को लेकर है, जिसके पांव-तले गरीब नक्सल हिंसा मे शहीद हुए आदिवासी कुचले जा रहें हैं...। दरअसल, मामला नक्सल पीड़ित उन आदिवासी शहीद परिवारों का हैं, जो बरसों से अपने हक़ और जायज मांगों के लिए दर-बदर की ठोकरें खा रहें हैं...। प्रदेश के नक्सल पीड़ित शहीद परिवार, जिनमें पूर्व एसपीओ, शहीदों के परिजन, आत्मसमर्पित नक्सली और गोपनीय सैनिको के अलावा उनके परिजन भी शामिल हैं। ये वो लोग है जिन्हें सरकार की पुनर्वास योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है ... जिससे ये नाराज हैं। बता दें कि छत्तीसगढ़ शासन द्वारा साल 2004 में नक्सल पीड़ित पुनर्वास कार्य योजना बनाए गए हैं। पुनर्वास योजना के तहत नक्सल पीड़ित परिवारों को सरकारी नौकरी, आर्थिक सहायता राशि, जिला मुख्यालय में मकान, राशन कार्ड, बस पास, छात्रवृत्ति, जमीन के बदले जमीन और नक्सल पीड़ित प्रमाण पत्र देने का प्रावधान है, लेकिन इन पीड़ितों की माने तो किसी भी पीड़ित परिवार को योजना का लाभ समय सीमा के भीतर नहीं मिल रहा है...। नक्सल उन्मूलन के नाम पर सरकार हर साल करोड़ों रुपए खर्च कर रही है ... फिर भी नक्सलवाद की समस्या कम होने के बजाय दिनों दिन बढ़ती जा रही है। इसकी बहुत बड़ी वजह ये सिस्टम और इस सिस्टम की वादा खिलाफ़ी हैं। ऐसे में फिर सवाल खड़ा हो जाता है कि ... आख़िर क्यों नक्सलियों के साथ हथियार उठाएं खड़े गरीब आदिवासी आत्मसमर्पण कर मुख्य धारा में लौटेंगे.. ?

## छुईखदान में महाशिवरात्रि पर्व पर द्वादश ज्योतिर्लिंग पूजा

**छुईखदान (नांदगांव टाइम्स)।** महाशिवरात्रि पर्व पर शहर के



शिवालयों में भक्तिमय वातावरण के साथ भगवान भोलेशंकर की पूजा अर्चना विधि-विधान अनुसार धूमधाम गीत संगीत से संपन्न हुई। महाशिवरात्रि पर्व 26 फरवरी 2025 को प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय शाखा छुईखदान में भगवान द्वादश ज्योतिर्लिंगों की पूजा अर्चना हुई , साथ ही ब्रह्मकुमारी बहन द्वारा सृष्टि की संरचना से समस्त युगों का चित्रावली के माध्यम से उपस्थित जनसमूह को विस्तार पूर्वक जानकारी दिया गया। सुबह आठ बजे से रात्रि आठ बजे तक आयोजित कार्यक्रम में प्रजापति ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय में झंडारोहण एवं आरती प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर राजपरिवार के श्रीमती लता रानी वैष्णव लाल जे के वैष्णव सहित जनप्रतिनिधि गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# डोंगरगांव के भाजपा नेताओं ने किया विधानसभा का भ्रमण

### भरत वर्मा के नेतृत्व में भाजपा पार्षद दल ने किया मुख्यमंत्री से भेट



**डोंगरगांव (नांदगांव टाइम्स)।** डोंगरगांव नगर पंचायत के वरिष्ठ भाजपा नेताओं व नगरपंचायत डोंगरगांव के नवीन पदाधिकारियों ने रायपुर में स्थित विधानसभा भवन का भ्रमण किया। इस भ्रमण में भाजपा के वरिष्ठ नेताओं ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष व पार्षद दल को विधानसभा में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय तथा विधासनभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह से मुलाकात की तथा सभी ने अपने नए कार्यकाल के उनसे आशीर्वाद लिया। तथा इस भ्रमण में डोंगरगांव भाजपा के नेताओं ने विधानसभा के कामकाज को समझा तथा सभी जनप्रतिनिधियों से आशिर्वाद लिया। छत्तीसगढ़ विधानसभा का बजट सत्र 24 फरवरी से चल रहा है जिसमें जिससे सरकार के सभी सदस्य, विधायक, व जनप्रतिनिधि विधानसभा में नजर आ रहे है इस विधानसभा भ्रमण में भाजपा के प्रदेश महामंत्री भरत वर्मा, मंडल अध्यक्ष दीना पटेल, लक्ष्मीनारायण गुप्ता, डॉ. नीरेंद्र साहू , गुलशन हिरवानी,संतोष यादव,रामकुमार गुप्ता हेमंत चोपड़ा, महाविद्यालय जनभागीदारी अध्यक्ष योगेश पटेल, सतीश पांडेय, प्रवेश ठाकुर, आकाश त्रिपाठी तथा डोंगरगांव नगर पंचायत के नवनिर्वाचित अध्यक्ष अंजू त्रिपाठी तथा डोंगरगांव नगर पंचायत के नवनिर्वाचित पार्षद निर्मला मालेकर, रोहित गुप्ता, गायत्री यादव, कोमल साहू, लीलाधर मंडलोई, लक्ष्मीनारायण सेन,दुर्गेश रामटेके, मनबोधी पटेल, पुरुषोत्तम साहू, पद्मिनी पटेल तथा मंडल भाजपा के सभी पदाधिकारियों उपस्थित थे।

## आरक्षक भर्ती घोटाला: पुलिस स्टाफकी महिला आरक्षक गिरफ्तार, अब तक 16 आरोपी सलाखों के पीछे

**राजनांदगांव ( नांदगाँव टाइम्स )** आरक्षक भर्ती परीक्षा में अंक बढ़ाने के लिए मशीन में छेड़छाड़



करने के मामले में एक और आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। यह आरोपी पुलिस स्टाफ से संबंधित है। इस कार्रवाई के तहत महिला आरक्षक काजल भारद्वाज (26), निवासी थाना पिपरिया, जिला कबीरधाम, स्थायी पता ग्राम ढोर, थाना जामुल, जिला दुर्ग को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। इस मामले में थाना लालबाग में प्रार्थी के लिखित आवेदन पर अपराध क्रमांक 568/24, धारा 318(4), 338, 336(3), 340(2), 61(2), 3(5) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई थी। विवेचना के दौरान सीसीटीवी फुटेज, मोबाइल चैटिंग, गवाहों के बयान और अन्य डिजिटल साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों की पहचान की गई। अब तक इस मामले में कुल 16 आरोपी गिरफ्तार किए जा चुके हैं, जिनमें 08 पुलिस कर्मी, 05 टेक्नीशियन टीम के सदस्य और 02 महिला अभ्यर्थी शामिल हैं। जांच अब भी जारी है, और अन्य किसी के खिलाफ सबूत मिलने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# पुलिस की बड़ी कार्रवाई : नकबजनी के तीन आरोपी गिरफ्तार

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** थाना सिटी कोतवाली पुलिस और साइबर सेल की संयुक्त टीम ने नकबजनी के दो मामलों में तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इनमें एक अंतर्राज्यीय आरोपी भी शामिल है। आरोपियों के पास से आर्टिफिशियल ज्वेलरी और 3,300 रुपये नकद बरामद किए गए हैं।

**घटनाओं का विवरण**

प्रथम घटना की रिपोर्ट दिनेश अग्रवाल (41), निवासी केसर नगर, गायत्री स्कूल रोड, राजनांदगांव ने दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि वह परिवार सहित 22 फरवरी को कुंभ स्नान के लिए प्रयागराज गए थे। 24 फरवरी की शाम 5 बजे उनकी पत्नी की सहेली ने सूचना दी कि उनके घर का दरवाजा खुला है। लौटने पर उन्होंने देखा कि अलमारी टूटी हुई थी और उसमें रखे सोने-चांदी के जेवर (करीब 5 लाख रुपये मूल्य) और 10 लाख रुपये नगद चोरी हो चुके थे। इस पर थाना कोतवाली में अपराध क्रमांक 92/25 धारा 331(4), 305(ए) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया।दूसरी घटना की रिपोर्ट नरेश मिश्रा (जनता कॉलोनी, पानी टंकी रोड, लखोली, राजनांदगांव) ने दर्ज कराई। वे भी 22 फरवरी को कुंभ स्नान के लिए प्रयागराज गए थे। 28 फरवरी को लौटने पर उन्होंने घर का सामान बिखरा पाया। अलमारी खुली थी और उसमें रखी आर्टिफिशियल ज्वेलरी व अन्य कीमती सामान (कुल मूल्य 5,500



रुपये) चोरी हो चुके थे। इस पर अपराध क्रमांक 97/25 धारा 331(4), 305(ए) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया।

**पुलिस जांच और गिरफ्तारी**

वरिष्ठ अधिकारियों को घटनाओं की सूचना दी गई, जिसके बाद पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा और नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र नायक के निर्देशन में थाना प्रभारी निरीक्षक रामेंद्र सिंह और साइबर सेल प्रभारी निरीक्षक विनय पम्मार के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई।

टीम ने घटनास्थलों के आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले, जिससे कुछ संदिग्धों की पहचान हुई। इसी आधार पर पतासाजी के दौरान पुलिस ने तीन संदिग्धों को शहर में घूमते हुए पकड़ा। पूछताछ में उन्होंने चोरी की घटनाओं को अंजाम देना स्वीकार किया।

**गिरफ्तार आरोपी:**

प्रतीक रजक (23) ङ्क निवासी कन्हारपुरी, थाना कोतवाली, जिला राजनांदगांव2. दुर्गेश निर्मलकर (21) ङ्क निवासी देवरी, जिला बालोद 3. उमे श खापेकर (19) ङ्क निवासी टेलीफोन एक्सचेंज चौक, थाना कोतवाली, जिला नागपुर (महाराष्ट्र) आरोपियों से आर्टिफिशियल ज्वेलरी और 3,300 रुपये नकद बरामद किए गए हैं।

**न्यायिक कार्रवाई**

गिरफ्तार आरोपियों को 01 मार्च 2025 को न्यायिक रिमांड पर अदालत में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। पुलिस अभी भी चोरी गए सोने के आभूषणों और 10 लाख रुपये की बरामदगी के प्रयास कर रही है।

**पुलिस टीम की सराहनीय भूमिका**

इस पूरी कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक रामेंद्र सिंह, साइबर सेल प्रभारी निरीक्षक विनय पम्मार, प्रधान आरक्षक शंभूनाथ द्विवेदी, जी सिरिल कुमार, आरक्षक रंजीत चौरसिया, प्रदीप जायवाल, सउनि सुमन कर्ष, प्र. आर. बसंत राव, आरक्षक अवध किशोर, अविनाथ झा, मनीष खुटे, जोगेश राठौर और थाना स्टाफ की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

पुलिस अधीक्षक ने इस सफलता के लिए टीम को बधाई दी और जनता से अपील की कि वे घर की सुरक्षा के लिए सतर्कता बरतें एवं संदेह होने पर तुरंत पुलिस को सूचित करें।

## कैलाश धाम शांति नगर चिखली में जस एवं झांकी प्रतियोगिता संपन्न

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** कैलाश धाम दुर्गा मंदिर ढाबा रोड शांति नगर चिखली में दो दिवसीय देवी जस एवं झांकी प्रतियोगिता



26 एवं 27 फरवरी को आयोजन किया गया। जिसमें विशेष पुरस्कार महिला वर्ग प्रथम पुरस्कार ?2500 द्वितीय पुरस्कार 2200 तृतीय पुरस्कार 2000 इस प्रकार पुरुष वर्ग प्रथम पुरस्कार 3000 द्वितीय पुरस्कार 2500 एवं तृतीय पुरस्कार 2200 झांकी पुरस्कार प्रथम 3500 रुपया द्वितीय पुरस्कार 2500 तृतीय पुरस्कार 2300 रखा गया है जिसमें जस गीत एवं झांकी के माध्यम से अपनी अपनी प्रस्तुति दी गई जस गीत एवं झांकी देखने काफी संख्या में महिला एवं पुरुष की भीड़ रही जिसमें आयोजित समिति का बड़ा योगदान रहा समिति के संरक्षक श्री शिव वर्मा पार्षद वार्ड नंबर 10 श्री सुनील साहू पार्षद वार्ड नंबर 6 श्री अरविंद वर्मा पूर्व पार्षद ह्लड्डह्लह्व निषाद मंच संचालक देवेश साहू गुरुजी आयोजित समिति के अध्यक्ष मोहन नेताम ,जी उपाध्यक्ष प्रमोद सोनटेके ,कोषाध्यक्ष मुकेश निषाद ,सचिव बहादुर रजक , उमेंद्र सिंह ,देवेश वैष्णव ,सुरेश डेकाटे, ललित नायडू, सदस्य गण सुखराम रजक , थानवर निषाद, शशि गंधर्व ,किरण गंधर्व ,कौशल साहू , किशोर निषाद ,पुनाराम ,दीपक सिंह लेखू पटेल एवं समस्त मोहल्ले वासी एवं वार्ड वासी यह जानकारी तुलाराम नंदनवार द्वारा दी गई।

प्रकाशक, सम्पादक व मुद्रक अशोक कुमार पाण्डे द्वारा आसमा पब्लिसर्श इंडिया (प्रा.) लिमिटेड रायपुर से मुद्रित व गंजचौक राजनांदगांव से प्रकाशित, सम्पादक- अशोक कुमार पाण्डे, मोः 94252-43311 Email: nandgaontimes@gmail.com